पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# लखनऊ के कैन्ट स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में अत्याधुनिक लेजर लाइट एंड साउंड शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

## स्मृतिका वॉर मेमोरियल राष्ट्र गौरव और बलिदान के प्रतीक–जयवीर सिंह

**लखनऊः 20 जून 2025**

देश की सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राजधानी लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरूआत की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इस पहल का उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाना है। साथ ही युवाओं में देश प्रेम की भावना जगाना है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत शो की संपूर्ण डिज़ाइन, स्थापना, पांच वर्षों तक संचालन एवं रख–रखाव की व्यवस्था की जाएगी। इस अनूठे प्रयास के माध्यम से इतिहास, नवाचार और भावनात्मक कहानियों के जरिए दर्शकों के सामने अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। यह दृश्य दर्शकों में देशभक्ति की भावना के साथ–साथ ऐतिहासिक जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। यह शो न केवल युवाओं में जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि प्रदेश में पर्यटन को भी एक नई दिशा देगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि लेजर लाइट एंड साउंड शो में भारत के वीरता भरे युद्ध इतिहास को दर्शाने के लिए एक विशेष ऑडियो–विजुअल प्रस्तुति तैयार की जा रही है। इस प्रस्तुति में लाइव–एक्शन फुटेज, अत्याधुनिक एनीमेशन, चित्रण, प्रभावशाली वर्णन और भावनात्मक संगीत संयोजन का समावेश होगा। शो की संकल्पना एक विशेष रूप से लिखी गई स्क्रिप्ट पर आधारित है, जो दर्शकों को देश के सैन्य इतिहास की यात्रा पर ले जाएगा।

दर्शकों के लिए सशस्त्र सेनाओं को समर्पित विशेष कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है, जिसकी अवधि लगभग 15 से 20 मिनट होगी। इस शो की ऑडियो सामग्री दो भाषाओं में प्रस्तुत की जाएगी, ताकि यह विविध दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक संदेश देना है, बल्कि देश की रक्षा में लगे वीर सैनिकों के बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करना भी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि स्मृतिका वॉर मेमोरियल हमारे राष्ट्र के गौरव और बलिदान का प्रतीक है। लेजर लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी विशेषकर युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान और इतिहास से अवगत कराना है। यह परियोजना नवाचार के माध्यम से विरासत संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखनऊ के सांस्कृतिक पर्यटन परिदृश्य को समृद्ध करने की दिशा में भी यह एक उल्लेखनीय कदम है, जो स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को भारत के वीर सेनानियों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

---

सम्पर्क सूत्र– केवल

राघवेन्द्र / 04:10 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in